卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 110 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦रविवार ♦25 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# ना धामी जावत है, ना कोई आवत है

**उत्तरांचल दर्पण एक्सक्लूसिव 'पक्की हैं खबर'**

## मुख्यमंत्री धमी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा 2027 का विधानसभा चुनाव

देहरादून। खबर पक्की है लेकिन भाजपा के एक खेमे के लिए हताशा भरी है। पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समर्थको और चाहने वालों के लिए एक बड़ी खुशखबरी के समान है। उत्तराखंड में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। इस खघ्बर से भले ही दिल्ली बैठकर उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनने को ताना बाना बुन रहे नेताओं के पैरों तले जमीन खिसक जाए,मगर खबर पक्की है।उत्तराखंड की राजनीति में बीते कुछ समय से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलों का बाजार गर्म रहा है। सत्ता गलियारों तक तरह–तरह की चर्चाएं चलीं, सोशल मीडिया पर संभावनाओं के कयास लगाए गए और कुछ पुराने बयानों व घटनाओं को जोड़कर नए नए राजनीतिक समीकरण गढ़े गए। लेकिन इन तमाम चर्चाओं के बीच अब जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, वह यह हैं कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कुर्सी टिकाऊ है और पूरी तरह सुरक्षित है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री धामी के कामकाज से संतुष्ट है। संगठन और सरकार के स्तर पर हुए आकलन में धामी सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन, कानूनख्व्यवस्था, विकास परियोजनाओं और राजनीतिक संतुलन को सकारात्मक माना गया है। यही वजह है कि पार्टी के भीतर यह संदेश स्पष्ट है कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। प्रदेश में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण पर नियंत्रण, चारधाम यात्रा प्रबंधन और बुनियादी ढांचे के विस्तार जैसे फैसलों को धामी सरकार की बड़ी उपलब्धियों के तौर पर देखा गयाहै। केंद्र सरकार की कई प्रमुख योजनाओं को जमीन पर उतारने में भी राज्य सरकार की सक्रिय भूमिका रही है। इन सबने मुख्यमंत्री की राजनीतिक स्थिति को और मजबूत किया है। हालांकि, भीतरखाने असंतोष की चर्चाएं भी [illegible] पर उठी। कुछ नेताओं के बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट को नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं से जोड़कर देखा गया, लेकिन संगठन ने इन अटकलों को सिरे से ही खारिज किया। सूत्रों का कहना है कि भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र के तहत विचारख्विमर्श चलता रहता है, मगर इसका मतलब नेतृत्व बदलना नहीं होता। दिल्ली में हालिया बैठकों के बाद साफ संकेत हैं कि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री बदलने का कोई एजेंडा नहीं है। उलटे संगठन अब सरकार और मुख्यमंत्री के काम काज को जनता के बीच और मजबूती से रखने की रणनीति पर काम कर रहा है। जिलों में संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और सरकार की उपलब्धियों को लेकर प्रचार को तेज करने की योजना बनाई जा रही है। राजनीतिक इंजीनियरों की मानें तो धामी के पक्ष में सबसे बड़ा कारक उनका अपेक्षाकृत युवा नेतृत्व, तेज निर्णय क्षमता और केंद्र के साथ बेहतर तालमेल होने के साथ साथ प्रदेश के हर क्षेत्र में जनता से सीधी पकड़ है। पहाड़ी राज्य की भौगोलिक और सामाजिक चुनौतियों के बीच उन्होंने जिस तरह से प्रशासनिक नियंत्रण बनाए रखा, उसे पार्टी हाईकमान सकारात्मक रूप में देख रहा है। कुल मिलाकर,तमाम अफवाहों और सियासी शोर– शराबे के बीच फिलहाल तस्वीर साफ है– उत्तराखंड में न तो धामी जावत है और न ही कोई आवत है।यानी कि भाजपा आगामी चुनावों में धामी को ही अपना चेहरा बनाएगी। इस खबर से जहां धामी के समर्थको और चाहने वालों के चेहरे खिल जाएंगे लेकिन पिछले काफी समय से भाजपा के भीतर उत्तराखंड के मुख्य मंत्री बनने का सपना देख रहे दिग्गजों के लिए यह किसी बहुत बड़े धक्के से कम नहीं है। वहीं सूत्रों की मानें तो सरकार और पार्टी के विरोध में काम करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है।ऐसे लोगों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा जाएगा।कुल मिलाकर, नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर फिलहाल विराम लगता दिखाई दे रहा है। शीर्ष नेतृत्व के भरोसे, संगठनात्मक समर्थन और सरकार की उपलब्धियों के सहारे मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी की स्थितिमजबूत मानी जा रही है। संकेत साफ हैं कि 2027 के चुनाव में भाजपा उत्तराखंड में किसी नए चेहरे की तलाश नहीं कर रही, बल्कि धामी के नेतृत्व को ही आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है।



## ट्रक अलकनंदा नदी में गिरने से चालक की मौत

रुद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। जनपद मुख्यालय के समीप रैंतोली में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें सामान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई को पार करते हुए अलकनंदा नदी के किनारे जा गिरा। इस दुर्घटना में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। अंधेरे और खड़ी ढलान के बीच रेस्क्यू टीमों ने घंटों की मशक्कत के बाद चालक के शव को बरामद किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात ऋषिकेश से रुद्रप्रयाग की ओर आ रहा एक ट्रक, जो सामान से पूरी तरह लदा हुआ था, जैसे ही रैंतोली पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## 33 लाख की स्मैक समेत किशोर पकड़ा

### मासूम बेटे से तस्करी कराने वाले दंपती के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के नशे के विरुद्ध अभियान के तहत गदरपुर पुलिस और एसटीएफ कुमाऊं की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने करीब 33 लाख रुपये मूल्य की 112.3 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए एक ऐसे सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है, जहां सगे माता–पिता अपने ही नाबालिग बच्चे का इस्तेमाल नशे की सप्लाई के लिए कर रहे थे। पुलिस ने नए कानून की कड़ी धारा 95 बीएनएस का प्रयोग करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि शनिवार शाम कोतवाली गदरपुर पुलिस और



एसटीएफ की टीम करतारपुर रोड तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान स्कूटी पर सवार 13 वर्षीय नाबालिग बालक को रुकने का इशारा किया गया। स्कूटी की डिग्गी की तलाशी लेने पर उसमें से 112.3 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में नाबालिग ने जो खुलासा किया उसे सुनकर पुलिस टीम भी दंग रह गई। बालक ने बताया कि यह स्मैक उसे उसके माता–पिता शाकिर अली उर्फ नक्टा और शाईन ने दी थी और उसे पुलिया के पास खड़े एक व्यक्ति को सौंपने के लिए भेजा गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शाकिर अली उर्फ नक्टा पुत्र सनव्वर अली, शाईन पत्नी शाकिर अली उर्फ नक्टानिवासी वार्ड नं0 01, करतारपुर रोड, गदरपुर, के विरुद्ध धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 95 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। एसएसपी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जेल से रिहा हुए भाजपा नेता जोशी का जोरदार स्वागत

रामनगर। छोई हिंसा प्रकरण में करीब दो माह से जेल में निरुद्ध भाजपा नेता मदन जोशी को जमानत मिलने के बाद आज रिहा कर दिया गया। रामनगर पहुंचने पर उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मदन जोशी ने न्याय पालिका के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी रिहाई को सत्य की जीत बताया। उल्लेखनीय है कि बीते 23 अक्टूबर को रामनगर के छोई क्षेत्र में बरेली से मांस लेकर आ रहे वाहन चालक नासिर हुसैन के साथ भीड़ द्वारा मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ की गई थी। इस घटना में नासिर गंभीर रूप से घायल हो गया था। चालक की पत्नी नूरजहां की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा (शेष पृष्ठ सात पर)



**तेरहवीं/रस्म पगड़ी**

**!! श्री महावीराय नमः !!**
**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ा रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती सरोज जैन जी** का स्वर्गवास 16 जनवरी 2026 को हो गया है। उनकी आत्मिक शान्ति हेतु **तेरहवीं की रस्म दिनांक 26 जनवरी 2026 दिन सोमवार** को दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक **सिटी क्लब काशीपुर बाईपास रोड, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी

**शोकाकुल परिवार**

नरेश जैन–सविता जैन (देवर–देवरानी)
अशोक जैन–रितु जैन (देवर–देवरानी)
अपेक्षा, ओजस, आरूज, कियारा ओजस्वी, अनाया, विनायक (पौत्र–पौत्री)
मो. 7055606180, 9897867237

प्रेमचन्द जैन गुड़ वाले (पति)
ललित जैन–ज्योति जैन (पुत्र–पुत्रवधू)
रमन जैन–मिनी जैन (पुत्र–पुत्रवधू)
मोहित जैन– मिनाक्षी जैन (पुत्र–पुत्रवधू)
(पुत्र–पुत्रवधू)

फर्म : वर्धमान शुगर, वर्धमान ट्रांससोल्युशन प्रा.लि., वर्धमान किराना मर्चेंट, जैन ट्रांसपोर्ट

## शंकराचार्य के अपमान के खिलाफ कांग्रेसियों का मौन उपवास

रूद्रपुर/गदरपुर (उद संवाददाता)। प्रयागराज माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या पर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तरेश्वरानन्द महाराज को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में रुद्रपुर के कांग्रेसजनों ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना के विरोध में रविवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रांजिट कैम्प स्थित चामुण्डा मंदिर परिसर में एकत्र हुए और प्रातः 11 बजे से दो घंटे का सामूहिक मौन उपवास रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। उपवास शुरू करने से पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जगद्गुरू शंकराचार्य का अपमान केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं, बल्कि संपूर्ण सनातन समाज और हिंदू आस्था पर चोट है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार और उसके नेता एक तरफ हिंदू धर्म के रक्षक होने का दिखावा करते हैं, वहीं दूसरी ओर सनातन मर्यादाओं को ताक पर रखकर धर्मगुरुओं के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि सनातन परंपराओं और पूज्य संतों का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी धर्म की मर्यादा की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने को तैयार है। मौन उपवास कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष ममता रानी, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मीना शर्मा, डॉ. सुमित राय और परिमल राय ,संजीव रस्तोगी, संदीप चीमा, सुशील मंडल, योगेश चौहान, अनिल शर्मा, उमा सरकार और संगीता (शेष पृष्ठ 7 पर)





**आवश्यकता है**

**रुद्रपुर स्थित एक प्रतिष्ठित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम के लिए टैली अकाउंटेंट, कैशियर, स्टोर मैनेजर आदि पदों पर कर्मचारियों की आवश्यकता है।**

**-:संपर्क करें:-**
**8433432291**

# मुख्यमंत्री धामी ने किया कैंचीधाम बाईपास का स्थलीय निरीक्षण

भवाली (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रभावी प्रशासनिक निर्णयों के परिणामस्वरूप नैनीताल जनपद की बहुप्रतीक्षित कैंचीधाम बाईपास (सैनिटोरियम-रातीघाट) परियोजना तेजी से अपने निर्णायक चरण की ओर अग्रसर है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने नैनीताल भ्रमण के दौरान इस महत्वपूर्ण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी यात्रा एवं पर्यटन सीजन से पूर्व बाईपास मार्ग को पूर्ण कर यातायात के लिए खोलना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन होता है। श्रद्धालुओं को सुचारु, सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से कैंचीधाम बाईपास का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है, जिससे वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा। लोक





निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री मनोहर सिंह धर्मशक्तू ने अवगत कराया कि 18.15 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित बाईपास मार्ग में से 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर हॉटमिक्स किया जा चुका है, जिसके लिए 12 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रभावी उपयोग किया गया है। शेष 10.15 किलोमीटर मार्ग में पहाड़ कटिंग कार्य हेतु प्राप्त 5 करोड़ 6 लाख रुपये की धनराशि से कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में इस खंड में 9 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से कलमठ निर्माण, सुरक्षा दीवारों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ प्रगति पर हैं। परियोजना के अंतर्गत बाईपास को रातीघाट स्थित अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने हेतु 74.15 मीटर स्पान का मोटर पुल भी निर्मित किया जा रहा है। इसके लिए शासन से 9 करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बाईपास के पूर्ण होने से न केवल कैंचीधाम में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी, बल्कि पहाड़ी जनपदों की ओर जाने वाले यात्रियों को भी एक वैकल्पिक, सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। यह परियोजना पर्यटन, धार्मिक यात्रा और स्थानीय आवागमन-तीनों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री धामी ने 9 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से निर्मित सैनिटोरियम से अल्मोड़ा मार्ग तक भवाली बाईपास सड़क एवं इसी मार्ग पर शिप्रा नदी पर निर्मित 30 मीटर स्पान के डबल लेन मोटर पुल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बाईपास के चालू होने से भवाली बाजार में वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान होगा और पर्यटन सीजन में यात्रियों को निर्बाध आवागमन सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की तथा उनके कल्याण और सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने बर्फबारी देखने पहुंचे देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों से भी बातचीत की। पर्यटकों ने उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता, बेहतर व्यवस्थाओं और सुरक्षित वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यहां किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई है और वे भविष्य में भी यहां आते रहेंगे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्रा अनन्या बनी एक दिन की सीएमओ

### 40 मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने राजकीय इंटर कॉलेज बागवाला की छात्रा अनन्या कुमारी को एक दिन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया और उन्हें पदभार ग्रहण कराया। सीएमओ बनने के बाद। अनन्या ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को देश के प्रति अपने दायित्वों की शपथ दिलाई। जिसके बाद कार्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर परिचय प्राप्त किया। राजकीय इंटर कॉलेज बागवाला में आयोजित कार्यक्रम में 40 मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जनपद का नाम रोशन किया है। इनमें से तीन छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। विशाखा दिवाकर, जिनके माता-पिता का देहांत हो गया था, ने अपनी कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने जीवन में बहुत संघर्ष किया और वर्तमान में वे वन दरोगा के पद पर चयनित हुई हैं। अपनी कहानी सुनाते



समय विशाखा दिवाकर भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू निकल आए। डॉ. केके अग्रवाल ने कहा, आज बालिकाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत लिंग परीक्षण पर कार्रवाई के लिए सरकार ने एक योजना शुरू की है, जिसमें सूचना देने वालों को 50,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी के. एस कुंवर ने कहा, षशिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं ने कई आयाम गढ़े हैं और सरकार उनकी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इस अवसर पर व्योम जैन, नंदिता तोमर, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, रावि प्रजापति, भैरवदत्त पांडे, हिमांशु मुश्योंनी, निधि शर्मा, प्रदीप मेहर, और अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन श्रीमती बिंदु वासिनी ने किया।

## विधायक सुमित ने जलौनी लकड़ी से भरी गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ठंड के प्रकोप में जनता को राहत पहुंचाने के लिए विधायक सुमित हृदयेश ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए जलौनी लकड़ी से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है। लोगों को कठिन समय में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। विधायक सुमित हृदयेश द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने हेतु जलौनी लकड़ियों से भरी 5 गाड़ियों को अपने निवास से रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा की कड़ाके की ठंड में गरीब, मजदूर, बुजुर्ग एवं असहाय वर्ग को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधि होने के नाते यह उनकी जिम्मेदारी है कि समाज के हर तबके तक सहूलियत और आवश्यक सुविधाएं पहुंचें। ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था लगातार की जा रही है और आगे भी जरूरत के अनुसार यह कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और किसी भी जरूरतमंद को कठिन परिस्थितियों में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इस कार्य में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुहैल सिद्दीकी, जिला महामंत्री मलय बिष्ट, पार्षद प्रतिनिधि दिवेश तिवारी, संजू उप्रेती, इंजीनियर सुमित कुमार, राजू चौहान, मोहम्मद खालिद, इशरत अली, रिजवान, इस्लामुद्दीन, जॉन्टी राणा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।



## धर्म सभा की तैयारियों को लेकर शिव सैनिकों ने की चर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिव सेना की एक बैठक रामपुर रोड हिंदू धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें आगामी मार्च माह में होने वाले शिव सेना द्वारा धर्म सभा के कार्यक्रम हेतु पदाधिकारियों एवं शिव सैनिकों ने चर्चा की एवं कार्यक्रम की रूप रेखा तय की। जिसमें आगामी 7 मार्च को कार्यक्रम को तिथि निर्धारित की गई। शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर ने बताया कि धर्म सभा में शिव सेना के राष्ट्रीय पदाधिकारी उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के राज्य प्रमुख, जिला प्रमुख, नगर प्रमुख, सहित अन्य शिव सैनिक सम्मिलित होंगे। धर्म सभा में सनातन धर्म की रक्षा, गो माता की रक्षा, लव जिहाद से युवतियों को बचाने हेतु, सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी स कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत कुमार भईयू ने बताया कि सभा के साथ शहर में विशाल शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार भईयू, कुमार मंडल महासचिव खेमराज साहू, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, कुमाऊं मंडल प्रचार सचिव पदमपाल, जिला सलाहकार सुशील गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, महानगर सचिव पूरन सागर, सचिव पुरुषोत्तम सिंह, सुनील गुप्ता महामंत्री दीपक राजपूत, ,जिला



खटीमा विक्रम बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष खटीमा राजकुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष खटीमा विजय कुमार, टेढ़ा घाट अध्यक्ष मोना भाई खटीमा, भवानी सेना अध्यक्ष खटीमा शशी मिश्रा, जिला प्रवक्ता बाला दत्त नैनवाल,संघटन मंत्री अशोक सिंधी, प्रचार सचिव प्रदीप पाठक, घनश्याम मौर्य, प्रचार सचिव अक्षय मौर्य, मनोज अग्रवाल, राजू साहू, गुरुवंश आहूजा, सागर कश्यप, योगेश चौहान, प्रमोद रावत, रवि कश्यप, जितेंद्र नागर. खटीमा से आए हुए शिव सैनिक मौजूद थे।

## भाजपा नेता राधेश का कांग्रेस नेताओं को धमकाने का वीडियो वायरल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता राधेश शर्मा द्वारा किच्छा के विधायक स्थानीय निवासी तिलकराज बेहड़ के समर्थकों व कांग्रेस के नेताओं पर जुबानी धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसमें वह सभी को धमकी देते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो नगर के गांधी पार्क परिसर का बताया जा रहा है। शनिवार को भाजपा नेता का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो हर तरफ चर्चा का विषय बन गया। वायरल वीडियो में राधेश शर्मा व्यापार मंडल अध्यक्ष व कांग्रेस नेता संजय जुनेजा सहित विधायक तिलक राज बेहड़ के कई समर्थकों का नाम लेते हुए धमकी देने के अंदाज में तमाम आरोप लगा रहे थे। एक व्यक्ति पर राधेश कोरोना काल में राशन खाने का आरोप लगा रहे थे। साथ ही कह रहे थे कि चुनौती देने वालों को जड़ से उखाड़ देंगे। वह कह रहे थे कि तिलकराज बेहड़ की माफी के बाद भी इन लोगों को माफ करने वाले नहीं हैं। राधेश ने कहा कि पूर्व में हुए विवाद में व्यापार मंडल अध्यक्ष ने पुलिस चौकी में उन्हें अपशब्द कहे। आज उन्होंने भी अपशब्द कहे। उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र इस वीडियुष्टि नहीं करता है। वीडियो वायरल होने के बाद ।व्यापार मण्डल अध्यक्ष व कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राधेश ऐसी बातें कर कौमी एकता के गुलदस्ते रुद्रपुर शहर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने खत्री समाज के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग किया। संजय ने कहा कि राधेश को पता होना चाहिए कि खत्री समाज ने भी तराई को बसाने और इसे उन्नति के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ाने में सहयोग किया है। राधेश अपने बयान पर खत्री समाज से माफी मांगे अन्यथा इसका खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ेगा।


## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आगाज

गदरपुर(उद संवाददाता)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत देहरादून द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (एससीईआरटी) में पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। 24 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक चलने वाले इस शिविर में जनपद उधम सिंह नगर के 37 युवा प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत: संस्कृत संवाद और सहयोग' रखी गई है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विभिन्न जिलों की संस्कृति, बोलियों और परंपराओं से रूबरू कराना है, जिससे आपसी समझ और राष्ट्रीय एकता के सूत्र को और अधिक मजबूती मिल सके। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्मश्री अवार्डी, प्रख्यात शिक्षाविद व एम्स गुवाहाटी के अध्यक्ष डॉ. प्रोफेसर बीकेएस संजय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरणविद् अवधेश शर्मा, मेरा युवा भारत की उपनिदेशक मोनिका नंदल और कार्यक्रम सहायक प्रवेश सिंह बजवाल उपस्थित रहे।समारोह के दौरान अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। उपनिदेशक मोनिका नंदल ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा और इसके दूरगामी उद्देश्यों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि अवधेश शर्मा ने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर बीकेएस संजय ने अपनी कविता 'जितनी ज्यादा गति उतनी ज्यादा क्षति' के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रभावी संदेश दिया। उन्होंने जोर दिया कि स्कूल स्तर पर ही ड्राइविंग प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए और सभी युवाओं को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र के अपने अनुभवों को साझा करते हुए अस्थि रोगों के क्षेत्र में हुए नवाचारों की चर्चा की।इस अवसर पर उधम सिंह नगर की पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला, तनीशा चावला, अरुण कुमार, अर्जुन यादव, शिवस्वामी, पूजा वर्मा सहित कई प्रतिभागी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पूछताछ में सौरभ ने स्वीकारा हमले का षडयंत्र

## गुमराह करने पर हो सकती है कानूनी कार्रवाई



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के बहुचर्चित विधायक तिलक राज बेहड़ के पुत्र वार्ड 39 के पार्षद सौरभ राज बेहड़ पर हुए हमले के मामले में पुलिस अधिकारियों द्वारा सौरभ बेहड़ से की गई पूछताछ के दौरान सौरभ द्वारा खुद के षडयंत्र की बात स्वीकार करने के बाद उसकी मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब पुलिस द्वारा सौरभ बेहड़ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का रास्ता साफ हो गया है। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के बेटे एवं पार्षद सौरभ बेहड़ पर हुए कथित हमले के मामले में शनिवार को विवेचक उप निरीक्षक मनोज जलाल ने सौरभ को आवास विकास चौकी बुलाकर उनसे पूछताछ की। इस दौरान सौरभ ने स्वीकार किया कि पत्नी के साथ चल रहे पारिवारिक विवाद के चलते सहानुभूति पाने के उद्देश्य से स्वयं पर हमले की योजना बनाई थी। गौरतलब हो कि गुरुवार को एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने मामले का खुलासा किया था। उन्होंने बताया था कि सौरभ ने अपने मित्र इंदर नारंग के साथ मिलकर खुद पर हमला करने की योजना बनाई थी। मामले में पुलिस ने इंदर और तीन अन्य आरोपियों वंश कुमार, बादशाह व दीपक कुमार को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया था। शनिवार को पुलिस द्वारा सौरभ बेहड़ को धारा 41 का नोटिस देकर आवास विकास चौकी तलब किया गया। इस दौरान सौरभ ने अपने पूर्व में दिए गए बयान को दोहराया और मामले में गिरफ्तार आरोपियों के दिए गए बयानों का भी समर्थन किया। सूत्रों के अनुसार, पुलिस इस मामले में गुमराह करने के लिए सौरभ पर कानूनी कार्रवाई कर सकती है। मामले में विधायक तिलक राज बेहड़ ने पत्रकार वार्ता में भी कहा था कि उसके पुत्र सौरभ राज बेहड़ ने जो कर्म किया है उसे इसकी सजा अवश्य मिलनी चाहिए। इससे पुलिस को और बल मिला है। अब देखना है मामले में पुलिस को गुमराह करने पर सौरभ बेहड़ के खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाती है?

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के आवास पर हुआ विशाल लंगर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी स्थित नेता प्रतिपक्ष (सीएलपी लीडर) यशपाल आर्य के आवास पर आध्यात्मिक और सेवा भाव के संगम का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया। कीर्तन के पश्चात विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस धार्मिक आयोजन में रुद्रपुर से कांग्रेस के तमाम दिग्गज



नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, महानगर अध्यक्ष ममता रानी और जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संदीप चीमा शामिल हुए।भजन संध्या और लंगर के दौरान जिला महामंत्री योगेश चौहान, रजत बाम्बा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, ममता हाल्दार, सुमित राय, जाकिर हुसैन और अनिल शर्मा भी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त पूर्व पार्षद प्रीती साना, उमा सरकार, सतीश कुमार, ज्योति टम्टा, बाबू विश्वकर्मा और अरविंद सक्सेना सहित रुद्रपुर क्षेत्र के बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हल्द्वानी पहुंचकर यशपाल आर्य से मुलाकात की और कार्यक्रम में सहभागिता की।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने कार्यकर्ताओं से किया किया संवाद



जसपुर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज जनपद ऊधम सिंह नगर के दौरे के दौरान जसपुर विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर में भाजपा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जसपुर नगर मंडल के भाजपा कार्यालय में आयोजित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया।कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों से प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति मिली है। कैबिनेट मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और सरकार व संगठन मिलकर जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। इस दौरान पार्टी पदाधि कारियों ने जसपुर विकासखण्ड में किसानों को धान का उचित दिलाने के संबंध में भी ज्ञापन सौंपा। जिसपर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर राज्यमंत्री विनय रोहिला, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, विजेंद्र गहलोत, बलराम तोमर, सत्यपाल सिंह गौतम सहित कई लोग उपस्थित रहे।






तुम जिओ हजारों साल



कनक यादव को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं

# सुभाष जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नेताजी सुभाष पार्क ट्रांजिट कैंप में नेताजी सुभाष बोस की 129 वी जयंती धूमधाम से नव जागृति क्लब के द्वारा मनाई गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप शाह और शुभम दास ने सभी अथितियों को आसाम की गमछा व नेताजी की टोपी ओर मोमटो भेट की। क्लब के सचिव दिलीप अधिकारी ने कहा कि लगभग 10 स्कूलों के बच्चों ने भक्ति गीतों पर डांस किया व गीत गाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने गावा चौराहा पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ट्रांजिट कैंप के लिए बहुत जल्द और बड़ी सौगात देने की बात कही। उन्होंने कहा रुद्रपुर बहुत जल्दी हाईटेक रुद्रपुर के रूप में जाना जाएगा। साथ ही ट्रांजिट कैंप के अलावा 3 अन्य अस्पताल निगम द्वारा खोलने की बात कही।कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने की ।उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म तिथि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज यदि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जीवित होते तो देश की स्थिति कुछ ओर होती। कुछ लोगों के कारण आज नेताजी गुमनामी के दुनिया में जी रहे हैं वरना उन्होंने तो देश को 1943 में ही आजाद कर दिया था। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रवि सरकार ने भी सम्बोधित किया। क्लब के अध्यक्ष तरुण दत्ता ने आये हुए सभीअतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शंकर चक्रवर्ती, नारायण महाजन, रवि सरकार, डॉक्टर एमपी मौर्य, पंकज दास गुप्ता, समीर राय, प्रदीप शाह, राज चक्रवर्ती, सुब्रत विश्वास ,विश्वजीत मंडल, अंगद भारद्वाज,दीपक कीर्तनीय, मिलन, विकास सरकार, सुबीर दास आदि मौजूद थे।






# वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

गदरपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर के निर्देशों के क्रम में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गदरपुर संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय से जारी गिरफ्तारी अधिपत्र की तामील करते हुए दिनांक 24 जनवरी 2026 को अभियुक्त अनिल पुत्र जसपाल निवासी भजनपुरा, थाना मुंडा पांडे, जनपद मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी स्वादिष्ट भोजनालय, दिनेशपुर रोड, गदरपुर, जनपद उधम सिंह नगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध फौजदारी वाद संख्या 3380/23, मुकदमा अपराध संख्या 0169/23, धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज है।पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।इस गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के साथ उपनिरीक्षक नरेश चंद्र पंत, कांस्टेबल निकुल जाटव एवं कांस्टेबल मोहन बोरा शामिल रहे। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



# मां सरस्वती से मांगा विद्या, बुद्धि व विवेक का वरदान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प स्थित ब्रिलिएंट एकेडमी में बसंत पंचमी के पर्व धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मां सरस्वती पूजा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पंडित दिलीप भट्टाचार्य के सानिध्य में विद्यालय के प्रबंधन व स्टाफ के साथ सभी छात्र छात्राओं ने मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना कर विद्या, ज्ञान और बुद्धि का वरदान मांगा। पूजा के पश्चात आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबन्धक परिमल राय, प्रधानाचार्या बुलबुल राय, गोपाल किशन, गायित्री श्रीवास्तव, सुमन, अनुपमा सिंह, शान्ति आर्य, सोनी रस्तोगी, सीमा सिंह, रुपा राठौर, आंशिका, प्रतीक्षा गंगवार, प्राची, मधु, पूजा, अंजली, तुषा, पिंकी, सुब्रत, प्रीति, ज्योति, सुनीता, अर्चना, आरती, कनक, सरिता, क्रान्ति, कविता, अनीशा, अम्बिका, अमृता आदि मौजूद थे।




# सपनों की उड़ान कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

शक्तिफार्म।सीआरसी रतनफार्म में आयोजित न्यायपंचायत स्तरीय "सपनों की उड़ान" कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कुल 265 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।प्राथमिक वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य में प्राथमिक विद्यालय बीस क्वार्टर एवं अरविंदनगर नंबर आठ ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक गायन में सिद्ध गर्बयांग एवं रतनफार्म नंबर एक विजेता रहे। नुक्कड़ नाटक में शक्तिफार्म नंबर तीन और रतनफार्म नंबर एक ने बाजी मारी। टीएलएम प्रतियोगिता में झाड़ी नंबर नौ एवं ढाई नंबर को प्रथम-द्वितीय स्थान मिला। नीबू दौड़ में ऋषि सरकार व श्रवण अधिकारी तथा रैम्प वॉक में माही और तन्वी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में लोक नृत्य प्रतियोगिता में कल्याणपुर और शक्तिफार्म नंबर पांच ने शीर्ष स्थान हासिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी में रतनफार्म नंबर एक एवं देवनगर, लोक गायन में रतनफार्म नंबर एक और शक्तिफार्म नंबर पांच विजेता रहे। कुर्सी दौड़ में रोहन मंडल व विवेक तथा रैम्प वॉक में अमृता और मानव ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करुणेश जोशी, हृदेश चौहान, जयन्त मंडल, ऋषिका राज, अनुकूल मंडल, तुसार राय, बाबूराम, गोविंद शर्मा, बबीता चौहान, दुर्लभ राय, ममता दास, दिनेश तिवारी, जयदेव मजूमदार सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





26th January
HAPPY REPUBLIC DAY
NEW ADMISSION OPEN 2026-27
icon
Preschool & Daycare
समस्त क्षेत्रवासियों को
की गणतंत्र दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Branch 1: Dev Homes, Phase-I, Bigwara, Phulsungi Road, Rudrapur, Uttarakhand
Mob.: 7078609994, 7078609995
Branch 2: F-55, Adarsh Colony, Near Sanatan Girls Degree College, Rudrapur, Uttarakhand


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
B.P.S. Public school
26th January
HAPPY REPUBLIC DAY
On This Republic Day, Let's Honor Our Past, Embrace The Present, And Dream Of A Future Filled With Unity.


RAINBOW PUBLIC SCHOOL
RUDRAPUR
A SENIOR SECONDARY (10+2) AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW DELHI
ADARSH COLONY, RUDRAPUR, U.S.NAGAR (U.K.)
HAPPY REPUBLIC DAY
May this day inspire us to build a stronger and brighter nation together.
ADMISSIONS OPEN
( SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES )
Address: Adarsh Colony, Rudrapur, Distt. Udham Singh Nagar-263153
Registration / Admission open for session 2026-27 for Classes Nursery to IX and XI
Please contact 05944-243977, 9319396455    www.rainbowpublicschool.org


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
TENDER SOULS' PUBLIC SCHOOL
Ring Road, Awas Vikas, Rudrapur (U.S. Nagar)
We Salute Our Great Warriors On The Very Day For Their Unforgettable & Brave Valour For The Country
Harish Kataria (Administrator)
05944- 359453, 97564-97970



समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
E.L.P.S
(EXCELSIOT L'AVENIR PREPARATORY & PUBLIC SCHOOL)
An English Medium
Co-educational Establishment
308, Avas Vikas Colony, Opp. Gurudwara Rudrapur
Ph.: 05944-242004 Mob.: 8755236638



समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
KRISHNA INTER COLLEGE
(Tagor Junior High School)
Lalit Mohan Kaushik
(Director): + 91 90452-02229
Indra Colony, Gali No.1, Rudrapur (U.S. Nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
MOM'S PRIDE SCHOOL
Education for Life
Dinesh Deepak (Director): +91 88950-77999, 05944-358090
Near Daksh Enclave, Gangapur Road, Rudrapur (U.S.Nagar)


आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डॉयनेमिक नेशनल एकेडमी जूनियर हाईस्कूल
(अंग्रेजी माध्यम)
भीष्म देव जायसवाल
प्रबन्धक
• प्रशिक्षित टीचर्स • एयर कूल्ड कक्षायें • पने रूम
निकट डाकघर ट्रॉजिट कैम्प, रुद्रपुर फोन 05944-245455, 9412125143


Happy Republic Day
PRARAMBHA
AN EXCELLENT STEP TOWARDS EXCELLENCE
a play school...
49,50 Officer's Colony, Bhurarani Road, Rudrapur
Mob.: 9639001818    www.prarambha.info


R.A.N PUBLIC SCHOOL
38
wishes you all a very
77 The HAPPY REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ,
देश प्रेम ही सच्ची शक्ति है।
WARM REGARDS,
Wg. Cdr.- H.K Rai, Chairman
R.A.N Educational Society


HAPPY REPUBLIC DAY
from
LITTLE KINGDOM PREPARATORY SCHOOL, RUDRAPUR
HOLD THE WORLD WITH CARE AND KINDNESS
26TH JANUARY
Management, Principal, Teachers and children wishes every Indian a very Happy Republic Day
Contact no. 7017052121 ,8755342202,8077933498
Address: BEHIND PREM SINGH AND SONS PETROL PUMP D.D.CHOWK ,RUDRAPUR ,U.S.N, UTTARAKHAND


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
KIDS KARE PUBLIC SCHOOL
Chhavi Shyam
(Principal)
Mob.: 8077610564
Shyam Arora
(M.D.)
Mob.: 9084224552
Behind Shiv Dharam Kanta, Near Model Colony Kashipur Road, Rudrapur (U.S. Nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Naveen Shiksha Niketan Junior High School
Happy Republic Day
Mukesh Chandra
(Administrator)
Mo-95366-24000,80777-80271
Bhadaipura Ward No. 4, Rudrapur (U.S. Nagar)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक,रुद्रपुर
संजय ठुकराल
समाजसेवी


Happy Republic Day
समस्त क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनायें
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा,उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्राॅरीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000



आप सभी को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
ब्रिलिएंट
एकेडमी
आजाद नगर
ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर
परिमल राय
प्रबंधक
बुलबुल राय
प्रधानाचार्या


आप सभी को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
NEW WOODLAND ACADEMY
KRISHNA NAGAR, TRANSIT CAMP
RUDRAPUR MOB.: 9997847444
दिलीप अधिकारी
प्रबन्धक, विद्यालय समिति


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
जन्म भूमि
इन्टर कॉलेज
सुमित राय
प्रबंधक
ट्रांजिट कैम्प, रुद्रपुर मो० 8630999299


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर


GD GOENKA SCHOOL
Thrive. For Life.
Rudrapur
The Management, Principal, Staff, and Students wish every Indian
Happy Republic Day
26th January
SALUTING THE SPIRIT OF INDIA
SCHOLARSHIP TEST ON
1st February 2026
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Pre-Nursery To Class IX & XI
706-003-7789
706-004-7789


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
Arora Agro
Chemicals
Gol Market,Rudrapur
Surendra Rajji


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
राजेश तिवारी
पूर्व जिला उपाध्यक्ष
भाजपा,उधमसिंहनगर


सिडकुल इन्टरप्रिन्योर वेलफेयर
सोसायटी (रजि.) पन्तनगर
की ओर से
SEWS
समस्त उद्योगों एवं क्षेत्रवासियों
को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
अजय तिवारी संरक्षक
संजय सिंघल संरक्षक
आशुतोष वर्मन संरक्षक
मनोज त्यागी पूर्व अध्यक्ष
आशुतोष शर्मा पूर्व अध्यक्ष
श्रीकर सिन्हा अध्यक्ष
विकास पाण्डे उपाध्यक्ष
गौरव हरिश महासचिव
गजेन्द्र सिंह सचिव
ललिता जोशी उप सचिव
विनीत शर्मा कोषाध्यक्ष
सन्तोष रगोड़े सदस्य
विवेक गर्ग सदस्य
रविशरण सदस्य
दिवाकर दुबे मीडिया प्रभारी
कुलविन्दर कौर सदस्य
अनुप सिंह सदस्य
मुक्ता टण्डन सदस्य
प्रवीन बानकर सदस्य
संदीप उपाध्याय सदस्य
संतोष सिंह सदस्य
संजय सिंह सदस्य
तेजराम बघेल सदस्य
राजेश मिश्रा समन्वयक

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आवारा कुत्तों की हत्या

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में रखी जा रही दलीलों से अभी कोई नतीजा भले नहीं निकला हो, लेकिन अदालत ने इस समस्या का ठोस हल निकालने का साफ संदेश दिया है। इसके बरक्स कुछ लोगों को पशुओं के प्रति संवेदनहीनता दर्शाने और कानूनों को ताक पर रखने में हिचक नहीं हो रही है, तो यह मानवीय संवेदना और समझ पर एक सवालिया निशान है।अगर आवारा कुत्तों की वजह से कोई समस्या पैदा हो रही है, तो उससे बचाव के लिए उचित उपाय निकालने के लिए सरकार से मांग करने और अपने स्तर पर भी सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके बजाय अगर कुछ लोगों को कुत्तों को मार डालने जैसे क्रूर रास्ते अपनाना सही लग रहा है, तो यह एक बेहद अफसोसनाक स्थिति है।गौरतलब है कि तेलंगाना के याचाराम गांव में बुधवार को कुछ लोगों ने कम से कम सौ कुत्तों को कथित तौर पर जहर देकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, ताजा घटना इस महीने तेलंगाना के कई जिलों में अब तक लगभग पांच सौ आवारा कुत्तों को मार डालने के बाद सामने आई है।यह समझना मुश्किल है कि आवारा कुत्तों के टीकाकरण, बंध्याकरण और उन्हें अनुकूल पर्यावास मुहैया कराने के लिए सरकार से जरूरी कदम उठाने की मांग करने के बजाय लोगों को मानवीय संवेदना के न्यूनतम तकाजों को भी ताक पर रखना क्यों जरूरी लग रहा है।ऐसे लोगों को संभवतः पशु क्रूरता निवारण से जुड़े कानून की भी कोई फिक्र नहीं है, जो जानवरों को अनावश्यक दर्द पहुंचाने और पीड़ा देने से रोकता है और इसका उल्लंघन करने वालों के लिए दंड का प्रावधान करता है।विडंबना यह है कि आवारा कुत्तों के काटने या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद सरकारें रिहायशी इलाकों से उन्हें हटाने या इस समस्या का हल निकालने को लेकर ज्यादा संवेदनशील नहीं दिखतीं। आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने और उनके आक्रामक होते जाने पर पहले ही उपाय कर लिए जाते, तो यह समस्या आज इतनी गंभीर नहीं होती, जितनी दिख रही है। कुत्तों के काटने से उपजे जोखिम से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि मनुष्य अपनी बुनियादी संवेदनाओं को भी छोड़ दे।

# शांतिकुंज में अखंड ज्योति शताब्दी समारोह का समापन

हरिद्वार (उद संवाददाता)। हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में आयोजित अखंड ज्योति शताब्दी समारोह के समापन अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। 51 दिनों तक चले इस भव्य अनुष्ठान के पूर्ण होने पर वक्ताओं ने इसे केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि युग परिवर्तन का शंखनाद बताया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह समारोह वास्तव में एक नए युग का शुभारंभ है। यह युग चेतना का वह महाकुंभ है जिसने व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण की यात्रा को नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि शांतिकुंज केवल एक आश्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक प्रयोगशाला है जहाँ श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण होता है। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि गायत्री परिवार द्वारा 80 से अधिक देशों में चलाया जा रहा सेवा और संस्कार का अभियान राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने गुरुदेव की विचारधारा को आधुनिक संदर्भों में आगे बढ़ाने के प्रयासों की भी सराहना की।विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गायत्री परिवार को संस्कृति की सरिता और संस्कारों का सागर बताया। उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति वह दिव्य प्रकाश है जो मनुष्य की बुद्धि को विवेक से और कर्म को धर्म से जोड़ता है। वैश्विक हालातों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में जब पूरी दुनिया अशांति और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय सनातन मूल्य और गायत्री परिवार ही विश्व को शांति की राह दिखा सकते हैं। उन्होंने अखंड ज्योति को भीतर के अंधकार को मिटाने वाली शक्ति बताया।इससे पूर्व गायत्री विश्व परिवार के दलनायक डॉ. चिन्मय पंड्या ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए देश-विदेश से आए भक्तों का स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बनकर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।



# वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 'माय इंडिया, माय वोट' और 'वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जिला कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय और भाषा के प्रलोभन से मुक्त रहकर निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प लिया।जिलाधिकारी ने मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान प्रतिशत जितना अधिक होगा, हमारा लोकतंत्र उतना ही सशक्त और मजबूत बनेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को न केवल स्वयं वोट डालना चाहिए, बल्कि दूसरों को भी अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना चाहिए। मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में चित्रकला, निबंध और स्लोगन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पोस्टर व चित्रकला प्रतियोगिता में जनता इंटर कॉलेज रूद्रपुर की नीलम कुमार ने प्रथम, रा. बा.इ.का. फाजलपुर महरौली की मानसी विश्वास ने द्वितीय और रा.इ. का. कनकपुर की शिवाली राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में रा.इ.का. कनकपुर की कोमल तिवारी प्रथम, श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज रूद्रपुर की अंशिका तिवारी द्वितीय और जनता इंटर कॉलेज की खुशी पाल तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में रा.बा.इ.का. पंतनगर की प्राची मिश्रा ने पहला, जनता इंटर कॉलेज रूद्रपुर की अमृता कुमार ने दूसरा और श्री सनातन धर्म कन्या इंटर कॉलेज की कोमल टम्टा ने तीसरा स्थान हासिल किया। जागरूकता अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मतदाता दिवस पर आधारित पंपलेट और पोस्टर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्याम कमेटी रमपुरा वार्ड नंबर 23 के तत्वावधान में श्री खाटू श्याम बाबा का विशाल जागरण एवं संकीर्तन बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ आयोजित किया गया। भक्ति से सराबोर इस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत भूषण चुघ ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारा बढ़ता है। साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध हिंदू संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज देश के कोने-कोने से श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम



के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं, जिसकी मान्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बाबा के दरबार में जो भी मनोकामना लेकर आता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।जागरण के दौरान प्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" जैसे भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे और पूरा वातावरण 'जय श्री श्याम' के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक अनुष्ठान का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद लिया और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सूरज कोली, राजेंद्र कोली, राजा कोली, जीतू कोली, अनिल कोली, धर्म कोली, बादल कोली, सीनू कोली, रोहित कोली, दर्शन कोली और ओमपाल कोली सहित कमेटी के तमाम सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन (कुमायूंमंडल उत्तराखंड) के बैनर तले क्षेत्र के किसानों ने वर्ग-5 की भूमि और तहसील में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार सहित कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी रिचा सिंह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।किसान यूनियन के महासचिव विक्रम सिंह गोराया ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्ष 1990 के दशक में कई स्थानों पर किसानों की जानकारी के बिना वर्ग-4 और भूमिधरी भूमि को वर्ग-5 में दर्ज कर दिया गया था। किसान पिछले चार-पांच दशकों से इन भूमियों पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं, लेकिन अब प्रशासन द्वारा उन्हें जबरन कब्जे का नोटिस जारी किया जा रहा है, जिससे काश्तकारों में भारी भय का माहौल है। किसानों ने मांग की कि वर्ग-4 एवं वर्ग-1 ख की भूमि का 9 नवंबर 2000 के सर्किल रेट पर नजराना जमा कर नियमितीकरण किया जाए। साथ ही, अनुसूचित जाति समाज के किसानों को आपस में भूमि बिक्री की अनुमति देने की भी मांग उठाई गई।ज्ञापन में हरिपुरा डैम के लिए वर्षों पूर्व अधिग्रहित की गई भूमि का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों का कहना है कि सरकार ने उन्हें विस्थापित तो कर दिया, लेकिन आज तक भूमिधरी अधिकार नहीं दिए गए। इसके चलते वे अपनी ही भूमि पर बैंक ऋण लेने की सुविधा से वंचित हैं। इसके अलावा किसानों ने बच्चों को शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत मुफ्त शिक्षा दिलाने, लावारिस पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान पर रोक लगाने और तहसील स्तर पर फैले भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।उपजिलाधिकारी रिचा सिंह ने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक प्रेषित कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



# 27 जनवरी को राज्यभर में मनाया जाएगा 'यूसीसी दिवस'

## महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर है यूसीसी : धामी

नैनीताल (उद संवाददाता)। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया था, जिसे सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड गंगा, यमुना, आदि कैलाश, केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसी पवित्र धार्मिक स्थलों की भूमि है, और इसी पावन भूमि से समानता, न्याय और सामाजिक समरसता का संदेश पूरे देश को दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में निहित भावना के अनुरूप समान नागरिक संहिता को लागू कर उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने बताया कि 27 जनवरी को राज्य में यूसीसी लागू होने के एक वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिसे राज्यभर में "यूसीसी दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, जनसंवाद एवं अन्य आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यूसीसी महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और सभी नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला कदम साबित हुआ है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य की जनता ने सक्रिय सहयोग दिया है तथा विवाह, तलाक, वसीयत एवं अन्य प्रावधानों के अंतर्गत बड़ी संख्या में पंजीकरण कराए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रावधानों, लाभों और कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी मिले, ताकि समाज में समान अधिकार और न्याय की भावना और अधिक सशक्त हो। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में वन्य मानव संघर्ष और जंगली जानवरों के हमलों से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस वर्ष कई क्षेत्रों में वन्य जीवों के कारण ग्रामीण जनता को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में कई बच्चों, युवाओं और ग्रामीणों ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए न केवल अपनी रक्षा की, बल्कि अन्य लोगों की जान भी बचाई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठा रही है। वन्य जीव प्रबंधन, सुरक्षा उपायों, त्वरित राहत, मुआवजा व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी को और अधिक मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में आम नागरिकों को इस प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। नैनीताल में यातायात जाम की समस्या के समाधान से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मानसखंड क्षेत्र के अंतर्गत कैंचीधाम सहित कई प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल आते हैं, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का भारी आवागमन रहता है। इसी कारण यहां यातायात दबाव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए बाईपास, वैकल्पिक मार्ग, सड़क चौड़ीकरण और पार्किंग जैसी कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों-दोनों को जाम से राहत मिले और आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो। आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन-तीनों दृष्टियों से राज्य की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की यात्रा को और अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए हर वर्ष की भांति सभी हितधारकों के साथ विस्तृत बैठकें की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष के अनुभवों, सुझावों और फीडबैक के आधार पर इस वर्ष की तैयारियां और भी अधिक प्रभावी एवं बेहतर की जाएंगी। सड़क, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीडीओ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामोत्थान रीप, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और रूरल वेस्ट मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीण स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिला पंचायतराज अधिकारी और अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से समन्वय स्थापित कर स्थापित कॉम्पैक्टरों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़े का पृथकीकरण करते हुए उसका वैज्ञानिक निस्तारण किया जाए। विशेषकर हाईवे से सटे ग्रामीण इलाकों के लिए ठोस प्लान तैयार करने के निर्देश दिए गए ताकि किसी भी स्थान पर कूड़े के ढेर नजर न आएं। उन्होंने कूड़ा एकत्रित करने वाले वाहनों के नियमित संचालन पर भी बल दिया।प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लाभार्थियों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को सचेत किया कि किसी भी स्थिति में कोई भी पात्र व्यक्ति आवास सुविधा से वंचित नहीं रहना चाहिए। मनरेगा के तहत मानव दिवस बढ़ाने और अमृत सरोवरों के निकट आजीविका संबंधी गतिविधियां शुरू करने के भी निर्देश दिए गए।ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण पर चर्चा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के ग्रोथ सेंटरों का संचालन रीप परियोजना के सहयोग से प्रभावी ढंग से किया जाए ताकि स्वयं सहायता समूहों की आय में वृद्धि हो सके। खंड विकास अधिकारियों को इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर पर ध्यान केंद्रित करने और डीडीयूजीकेवाई केंद्रों का स्वयं निरीक्षण करने के आदेश दिए गए।बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, परियोजना अर्थशास्त्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, जिला थीमेटिक एक्सपर्ट सौरभ सक्सेना, विपिन राणा, खंड विकास अधिकारी केके कांडपाल, कमल किशोर पांडे, शेखर जोशी, अतिया परवेज, असित आनंद, सीआर आर्य, संजय गांधी सहित मनरेगा, एनआरएलएम और रीप परियोजना के कार्मिक उपस्थित थे।



# कांग्रेस का सांकेतिक मौन उपवास कार्यक्रम फ्लॉप

काशीपुर। प्रयागराज में गंगा स्नान को जाते हुए शंकराचार्य अभिमुक्तेश्वरानंद के साथ कथित तौर पर किए गए दुर्व्यवहार एवं साधु संतों के साथ अपमान को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा सांकेतिक मौन उपवास कार्यक्रम पूरी तरह फ्लाप रहा। सांकेतिक मौन उपवास कार्यक्रम में कांग्रेस के तमाम  चेहरे नदारद थे। संगठन में गुटबाजी एक बार फिर से हावी हो चुकी है। महानगर अध्यक्ष के रूप में अलका पाल संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से एकजुट नहीं कर पा रही है। हालात ऐसे ही रहे तो 2027 के चुनावों में कांग्रेस को पूर्व की भांति एक बार फिर से पराजय का मुंह देखना पड़ सकता है। अटकलों का बाजार गर्म है कि कांग्रेस हाई कमान के इस फैसले से कहीं ना कहीं संगठन के अधिकांश लोगों में असंतोष है। बता दे कि काशीपुर में महिला कांग्रेस की कमान पूजा सिंह को दी गई है ऐसे में पार्टी हाई कमान द्वारा महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एक अन्य महिला नेत्री को देना किसी के गले नहीं उतर रहा है। फिलहाल यहां कई धड़ों में बंटी कांग्रेस दिशाहीन हो चुकी है।

# स्टेडियम में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन कल

काशीपुर(उद संवाददाता)। जिला प्रशासन व जिला खेल कार्यालय उधम सिंह नगर के सौजन्य से स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में एक क्रॉस कंट्री का आयोजन 26 जनवरी को प्रात: 8:00 बजे किया जाएगा एथलेटिक्स कोच सरफराज चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता दो आयु वर्ग ओपन पुरुष वर्ग मे 8km व ओपन महिला वर्ग 6km आयोजित की जाएगी सरफराज चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम सिक्स स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिला खेल कार्यालय द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे

# एनएसएस स्वयंसेवीयों ने मनाया मतदाता जागरूकता दिवस

रूद्रपुर। पीएम श्री अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर की एनएसएस इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रधानाचार्य श्री दयाशंकर पांडेय ने स्वयंसेवियों को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई, साथ ही स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि वे आगे आकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरुक करने में सहयोग करें। तत्पश्चात



स्वयंसेवियो ने एक रैली का आयोजन किया जो कि विद्यालय से प्रारंभ होकर फाजलपुर मेहराला के प्रीत विहार, अपना एनक्लेव, बरार कॉलोनी, रमपुरा होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। रैली में स्वयंसेवक लोगों को वोट डालने के लिए जागरुक करते हुए वोट डालने का निवेदन कर रहे थे। स्वयंसेवी ष्सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दोष ,ष्जागरूक मतदाता देश का भाग्य विधाताष्इत्यादि नारों के साथ लोगों को जागरुक कर रहे थे। इसके पश्चात विद्यालय में कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि वे सब देश हित में आगे आकर वोट के लिए लोगों को प्रेरित करें। साथ ही अपना वोट बनवाकर मतदान प्रक्रिया में भाग ले। इस अवसर पर दयाशंकर पांडेय ,राजपति बिंद, गिरीश शर्मा, यतेंद्र सिंह यादव, दिनेश कुमार शुक्ल, नर नारायण वर्मा सहित समस्त स्वयंसेवी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं को किया जागरूक

गदरपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव योगेन्द्र कुमार सागर के निर्देशन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राजकीय आवासीय बालिका छात्रावास में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति समाज को जगाने का एक सशक्त माध्यम है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव और असमानता को समाप्त कर बेटियों को प्रगति के समान अवसर प्रदान करना है। वक्ताओं ने जानकारी दी कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008 में इस दिवस की शुरुआत की गई थी, ताकि बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान कर उनके समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके।जागरूकता सत्र में छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा गया कि यह संस्थान बालिकाओं के लिए एक रक्षक की भूमिका निभाता है। प्राधिकरण द्वारा पीड़ित और जरूरतमंद बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली नि:शुल्क विधिक सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को स्थायी लोक अदालत की उपयोगिता समझाई गई और आपात स्थिति के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी सतर्क किया गया।इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता गुरजीत सिंह, प्राविधिक कार्यकर्ता राजकुमारी, संगीता सरदार और गोपाल सिंह गौतम ने छात्राओं को उनके मौलिक अधिकारों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निर्भय होकर अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने का संकल्प लिया।



# दस्तारबंदी पर 50 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंसानियत और खिदमत-ए-खल्क की मिसाल पेश करते हुए खेड़ा कॉलोनी स्थित मदरसा फैजुल मुस्तफा में दस्तारबंदी के पावन अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में 50 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर उन जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया, जो थैलीसीमिया, दुर्घटना या अन्य गंभीर बीमारियों के कारण रक्त की कमी से जूझते हैं। मदरसा फैजुल मुस्तफा की ओर से यह नेक मुहिम पिछले तीन वर्षों से लगातार चलाई जा रही है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों, प्रसव के मामलों और डायलिसिस के मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। रविवार को आयोजित इस शिविर में 'उम्मीद ब्लड फाउंडेशन' ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। शिविर में सुबह से ही युवाओं और समाजसेवियों का तांता लगा रहा, जिन्होंने रक्तदान को जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम बताया। आयोजकों ने बताया कि हर महीने रक्त की भारी मांग रहती है और कई बार समय पर रक्त न मिलने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इसी कमी को दूर करने के लिए मदरसा हर वर्ष दस्तारबंदी के अवसर पर इस शिविर को अपनी प्राथमिकता में रखता है। इस दौरान गुफरान खान, रियाज सैफी, लक्की खान, अकरम खान, इमरान सैफी, आलोक सिंह, फैजराज खान, आरिफ और नाजिम जैदी सहित मदरसे के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए समाज के अन्य वर्गों से भी अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान के इस महादान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि किसी भी जरूरतमंद की सांसें रक्त की कमी के कारण न रुकें।






## पेज एक का शेष...

**३३ लाख की स्मैक...**मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद में यह पहला मामला है जहां बच्चों से अपराध कराने पर धारा 95 बीएनएस का प्रयोग किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, शाकिर अली गदरपुर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर पूर्व में 9 मुकदमे दर्ज हैं, वहीं उसकी पत्नी शाईन पर भी 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को जब्त कर लिया है और बरामद नाबालिग बालक को किशोर न्याय बोर्ड के प्रावधानों के तहत संरक्षण में लिया गया है। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, एसटीएफ निरीक्षक पावन स्वरूप, उपनिरीक्षक विनोद जोशी, मोहन बोहरा, कांस्टेबल बृजेश कुमार, इशरार अहमद और महिला कांस्टेबल पार्वती गोस्वामी शामिल रहे।

**जेल से रिहा हुए...**दर्ज करते हुए करीब 15 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिसमें भाजपा नेता मदन जोशी को मुख्य आरोपी के रूप में नामजद किया गया था। पुलिस ने जांच पूरी कर इस मामले में चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। जानकारी के अनुसार अब तक इस प्रकरण में मदन जोशी सहित छह आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।रिहाई के बाद कार्यकर्ताओं से घिरे मदन जोशी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि उन्हें देश की न्याय व्यवस्था पर शुरू से ही पूर्ण विश्वास था। उन्होंने अपनी रिहाई को हिंदुत्व की जीत करार देते हुए मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल के चारों अध्यक्षों की अनुपस्थिति पर उठे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के कारण सभी पदाधिकारी अपने-अपने सांगठनिक कार्यों और क्षेत्रों में व्यस्त हैं, इसलिए उनकी अनुपस्थिति का कोई अन्य अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। फिलहाल इस हाई प्रोफाइल मामले में कानूनी प्रक्रिया जारी है और अन्य आरोपियों की जमानत पर भी नजर बनी हुई है।

**टक अलकनंदा नदी मे...**अचानक अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए सीधे अलकनंदा नदी की ओर खाई में जा गिरा। ट्रक गिरने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दी गई।हादसे की खबर मिलते ही कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुँचीं। रात का समय होने और घटनास्थल पर खड़ी ढलान होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टॉर्च और सर्च लाइटों की मदद से रेस्क्यू टीम ने नदी किनारे दुर्घटनाग्रस्त ट्रक तक पहुँचने का रास्ता बनाया। काफी संघर्ष के बाद टीम ने ट्रक के भीतर फंसे चालक को बाहर निकाला और तत्काल जिला चिकित्सालय पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र बलूनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक में केवल चालक ही सवार था। मृतक की पहचान सागर के रूप में हुई है, जो नेपाली मूल का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवा दिया है और वाहन स्वामी को घटना की जानकारी दे दी गई है। प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण ट्रक का अनियंत्रित होना माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**शंकराचार्य के उपमान के ....**ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विरोध प्रदर्शन में अंकिता अधिकारी, रविन्द्र गुप्ता, मोहन भारद्वाज, निरोद अधिकारी, नरेश सागर, अरविन्द सक्सेना, पूरन सिंह, अनुज दीक्षित, गुंजन, उपेन्द्र, कोमल सिंह, राजो और सोनू सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे। सभी ने एक स्वर में घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और सनातन धर्म की गरिमा बहाल रखने की मांग की। गदरपुर-प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के कथित अपमान के विरोध में आज गदरपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो घंटे का मौन व्रत रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में सनातन धर्म मंदिर, बुद्ध बाजार में आयोजित इस मौन व्रत के माध्यम से सरकार एवं मेला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि संत समाज का अपमान देश की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं के विरुद्ध है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में सरकार और मेला प्रशासन से इस प्रकरण पर खेद प्रकट करने एवं शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि संत समाज सदैव देश को दिशा देने का कार्य करता रहा है और उनके सम्मान से ही समाज की आस्था जुड़ी हुई है। यदि ऐसे मामलों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो जनता के आक्रोश को झेलना पड़ेगा। मौन व्रत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शैलेंद्र शर्मा, प्रेमानंद महाजन, चंदन नयाल, मनोज देवराड़ी, अनिल सिंह, राजेश बाबा, अंकुर चावला, शिवम पपनेजा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

### काशीपुर में गगन कंबोज की दहाड़, मेयर के खिलाफ खोला मोर्चा, बोले – सुखवंत प्रकरण की

# सीबीआई जांच हुई तो 'बाली' को भी 'जाना पड़ सकता है जेल'

**–मनोज श्रीवास्तव–**

काशीपुर। सुखवंत सिंह मौत प्रकरण की यदि सीबीआई जांच हो जाए तो काशीपुर के मेयर दीपक बाली को जेल जाने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि मौत से पूर्व सुखवंत कई बार महापौर के पास न्याय की गुहार लगाने आया था। यदि उसकी सुनवाई हुई होती तो आत्महत्या की नौबत नहीं आती। पत्रकार वार्ता के दौरान महापौर पर कड़ा हमला बोलते हुए उक्त बातें समाजसेवी गगन कंबोज ने कहीं। उन्होंने कहा कि किसान की मौत पर मेयर दीपक बाली राजनैतिक रोटी सेंकने का काम कर रहे हैं जो बेहद शर्मनाक है। गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे के समर्थन में कंबोज की ललकार ने काशीपुर ही नहीं वरन समूचे प्रदेश की राजनीति में भूचाल पैदा कर दिया है। गगन कंबोज ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सवाल दागे कि यदि सुखवंत सुसाइड मामले की सीबीआई जांच विधायक अरविंद पांडे द्वारा उठाई गई तो इसमें गलत क्या था। पांडे ने बात तो वहीं कहीं जो सुखवंत चाहता था। आत्महत्या से पूर्व सुखवंत द्वारा वायरल किए गए वीडियो में साफ कहा गया था कि उसके मौत की जांच सीबीआई से कराई जाए। मृतक की ही बात को विधायक अरविंद पांडे ने उठाया तो इसमें क्या गुनाह हो गया। समाजसेवी गगन कंबोज ने मेयर दीपक बाली को तल्ख लहजे में लाश पर राजनीति न करने की हिदायत दी। कहा कि उनकी हकीकत को जनता जान चुकी है। गगन कंबोज ने चुनौती देते हुए यह अभी कहा कि यदि वास्तव में उन्हें जनता ने चुनकर महापौर बनाया है तो मंदिर में चलकर पहले उन्हें कसम खाना चाहिए। गगन कंबोज ने दो टूक कहा," कि अगर सुखवंत सिंह सुसाइड मामले की सीबीआई जांच हो जाए, तो मेयर दीपक बाली को जेल जाने से कोई ताकत नहीं रोक सकती। गगन कंबोज ने क्षेत्र की जनता से भी अपील किया अन्याय के खिलाफ उसे डरने की जरूरत नहीं है कोई कितना भी रसूख वाला क्यों न हो सच्चाई से भाग नहीं सकता। अगर प्रदेश में किसी के साथ अन्याय होगा, तो सड़क से लेकर कोर्ट तक आवाज उठाई जाएगी। " अब यह सिर्फ राजनीति नहीं, जनता के हक और सम्मान की लड़ाई है," गगन कंबोज के इस आक्रामक बयान के बाद काशीपुर की राजनीति मेंउबाल है और कहीं ना कहीं जुबानी जंग बड़े खतरे का संकेत देने लगी हैं।



## भ्रष्टाचार और सौदेबाजी का अड्डा बन चुका है नगर निगम

काशीपुर। गगन कंबोज ने आरोप लगाया कि नगर निगम आज भ्रष्टाचार, दबाव और पर्दे के पीछे चल रहे सौदों का अड्डा बन चुका है। अब तक किए गए करोड़ों के विकास कार्य फाइलों तक सीमित है। कहा कि चुनाव के पूर्व किए गए बड़े–बड़े दावे और वादों की हवा निकल चुकी है। पौराणिक शहर काशीपुर आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। चुनाव जीतने के बाद अपराधियों और बदमाशों को तवज्जो दी जा रही है उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। आम जनता में भय पैदा हो गया है कि यदि खिलाफत किया तो जेल जाना तय है लेकिन गगन कंबोज की ललकार के बाद यदि विरोध के सुर अरविंद पांडे के मानिंद और भी निकलकर सामने आने लगे तो कहीं ना




कहीं मेयर दीपक बाली की दुश्वारियां भी बढ़ सकती हैं। पिछली काफी समय से क्षेत्र में इस बात की चर्चा है कि मेयर दीपक बाली काशीपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जमीन तैयार कर रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनावों में सीएम काशीपुर से चुनाव लड़ सकते हैं। और इसके साथ ही चर्चा यह भी है कि उद्यमी अनूप अग्रवाल कभी जो काम धामी के लिए किया करते थे वही आज मेयर दीपक बाली कर रहे हैं। बताते हैं कि अनूप अग्रवाल से सीएम का छत्तीस का आंकड़ा है ऐसे में पिछले दिनों जब गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे उद्यमी अनूप अग्रवाल के परिजनों से मिलकर उन्हें न्याय दिलाने की बात कही तो मेयर दीपक वाली को यह नागवार लगा। विधायक अरविंद पांडे और मेयर दीपक बाली के बीच राजनैतिक तनातनी यही से शुरू हुई थी। हालिया अब जब गदरपुर के विधायक अरविंद पांडे ने किसान सुखवंत मौत प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग उठाई तो काशीपुर के मेयर खुलकर सामने आ गए।

## 2022 के चुनावों में जनता ने झाड़ू को बना दिया था मोर

### आज भाजपा की शान में गढ रहे हैं कसीदे

काशीपुर। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गगन कंबोज ने मेयर दीपक बाली के खिलाफ जमकर गुबार निकाला। कहां कि वर्ष 2022 की विधानसभा चुनावों में जनता ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे दीपक बाली के चुनाव निशान झाड़ू को मोर बना दिया था। उसे दौरान यही दीपक वाली भारतीय जनता पार्टी तथा उसके प्रतिनिधियों में खोट निकालने का काम करते थे। चुनाव के बाद जब इन्होंने जान लिया कि आम आदमी पार्टी का कोई वजूद नहीं है तो राजनैतिक महत्वाकांक्षा के चलते पाला बदल लिया और जिसकी कल तक आलोचना उपेक्षा करते थे उसी की शान में कसीदे गढ़ने लगे।



